15 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

भीम BHIM
भारत इंटरफेस मिशन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(60)RSSB / प.आ. / पटवार सी.भ.प. / 2019 / 764 दिनांकः 14-12-2020

विज्ञप्ति

राजस्थान राजस्व (भू–अभिलेख, भू–प्रबन्ध एवं उप निवेशन) अधीनस्थ सेवा नियम, 2019 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा पटवारी के कुल 4207 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 3637 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 570) पदों पर भर्ती हेतु संक्षिप्त विज्ञप्ति दिनांकः 05.12.2019 को जारी की गई थी एवं बोर्ड के विस्तृत विज्ञापन सं. 03 / 2019 क्रमांकः प.14(73)RSSB / अर्थना / पटवारी / भर्ती / 2019 / 1607 दिनांकः 17.01.2020 के द्वारा पटवारी के पदों में वृद्धि होने के कारण कुल 4421 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 3815 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 606) पदों के पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) आंमत्रित किये गये थे।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोज्य **"पटवार सीधी भर्ती परीक्षा– 2019"** के समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों द्वारा अपने ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अंकित अभ्यर्थी के नाम के प्रथम वर्ण (English Alphabet) के आधार पर निम्न कार्यक्रमानुसार छः चरणों में परीक्षा का आयोजन किया जावेगा :–

क्र. सं.	आवेदन में अंकित अभ्यर्थी के नाम का प्रथम नामाक्षर (English Alphabet)	परीक्षा आयोजन का दिनांक व चरण	परीक्षा आयोजन का समय
1.	A to C (ए से सी तक)	10.01.2021 (रविवार) प्रथम चरण	प्रातः 08:30 बजे से 11:30 बजे तक
2.	D to J (डी से जे तक)	10.01.2021 (रविवार) द्वितीय चरण	अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक
3.	K to M (के से एम तक)	17.01.2021 (रविवार) तृतीय चरण	प्रातः 08:30 बजे से 11:30 बजे तक
4.	N to Q (एन से क्यू तक)	17.01.2021 (रविवार) चतुर्थ चरण	अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक
5.	S to U (एस से यू तक)	24.01.2021 (रविवार) पंचम चरण	प्रातः 08:30 बजे से 11:30 बजे तक
6.	R and V to Z (आर एवं वी से जेड़ तक)	24.01.2021 (रविवार) षष्ठम चरण	अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक

उक्त परीक्षा के समस्त अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है कि :–

1. अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित अभ्यर्थी के नाम के प्रथम वर्ण से तात्पर्य यह है कि अभ्यर्थी द्वारा यदि अपना नाम Kumari, Miss, Mrs, Shri, Smt, Dr इत्यादि से प्रारम्भ किया है, तो ऐसी स्थिति में उनके नाम के पूर्व में उपयोग में लिये गये इन शब्दों के प्रथम वर्ण के आधार पर परीक्षा का दिनांक व चरण होगा। उदाहरणार्थ यदि किसी अभ्यर्थी ने अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र में अपना नाम Miss Swati लिखा है, तो उसकी परीक्षा का आयोजन M वर्ण के आधार पर दिनांक 17.01.2021 (रविवार) तृतीय चरण के सम्मुख अंकित समय पर होगी। इस संबध में समस्त अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अंकित अपने नाम के आधार पर अपनी परीक्षा की दिनांक एवं समय सुनिश्चित कर लेवें।
2. समस्त अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि यदि उन्होने एक से अधिक ऑनलाईन आवेदन किये हैं, तो ऐसी स्थिति में उनके द्वारा किये गये अन्तिम आवेदन को ही बोर्ड द्वारा स्वीकार किया गया है। शेष आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है। अतः अपने अन्तिम आवेदन के आधार पर ही अपना प्रोविजनल ई प्रवेश–पत्र डाउनलोड़ करना सुनिश्चित करें।
3. **बोर्ड द्वारा आयोजित "पटवार सीधी भर्ती परीक्षा–2019" के समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा के लिए प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि बाबत् यथासमय अलग से सूचित कर दिया जावेगा।**
4. परीक्षा केन्द्रों पर नकल एवं प्रतिरूपण की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। अतः परीक्षा में नकल / प्रतिरूपण कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के किसी झाँसे / बहकावे में नहीं आवें। नकल करने के लिए अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं करें। नकल एवं प्रतिरूपण के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं आगे आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है।

5. परीक्षा के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जाने वाले भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।

6. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(डॉ. बी. एल. जाटावत)
अध्यक्ष